आज का सुविचार
बुराई तो हर कोई कर लेता है किसी की तारीफ़ हो तो उसके लिए हिम्मत चाहिए...

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 9, अंक- 27 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 9 अगस्त 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है।
संपर्क करे -9425156055

## BNS- 272 द्वेषपूर्ण भावना से संक्रामक रोग फैलाना कब अपराध होगा जानिए

जब कोई व्यक्ति स्वयं की लापरवाही द्वारा संक्रामक रोग फैलाता है तब उस व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 271 के अंतर्गत मामला दर्ज होगा ढ्ढ लेकिन अगर कोई व्यक्ति किसी संक्रमित रोग से ग्रस्त है और वह जानबूझकर द्वेषपूर्ण भावना रखते हुए संक्रामक रोग फैलाता हैं जिससे कोई अन्य व्यक्ति उस रोग का शिकार हो जाए तब उस व्यक्ति के खिलाफ एक नई धारा के अंतर्गत मामला दर्ज होगा जानिए



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 272 की परिभाषा:** कोई व्यक्ति जानता है कि वह संक्रमित रोग से पीड़ित है और वह जानते हुए द्वेषपूर्ण भावना, दुर्व्यवहार आदि द्वारा कोई संक्रामक रोग फैलाता है जिसके कारण कोई संकटपूर्ण स्थिति उत्पन्न होती है या कोई व्यक्ति उससे पीड़ित होता है तब संक्रामक रोग फैलाने वाला व्यक्ति भारतीय न्याय संहिता की धारा 272 के अंतर्गत दोषी होगा

### विशेष नोट -

1. BNS की धारा 271 एवं BNS की धारा 272 उन व्यक्ति पर भी लागू होती है जो व्यक्ति यह जानता है की किसी व्यक्ति को संक्रमण रोग है और वह उस बात को छुपाता है और उसकी जानकारी में वह व्यक्ति रोग फैला रहा है , जैसे कि राहुल को पता है रामू किसी संक्रमण रोग से पीड़ित हैं और वह यह जानता है रामू किसी सार्वजनिक स्थान पर जाकर टिकिट लेता है तब राहुल भी अपराध का दोषी होगा क्योंकि उसने जानते हुए रामू को रोग फैलाने से नहीं रोका
2. मि.एक्स बनाम हॉस्पिटल जेड मामले मे सुप्रीम ने अभिनिर्धारित किया कि एड्स जैसे भयानक रोग से पीड़ित महिला या पुरुष बिना बताए विवाह कर लेते है तब यह IPC की धारा 269 एवं 270 (अब BNS की धारा 271 एवं 272 ) के अंतर्गत अपराध होगा।

THE BHARATIYA NYAYA SANHITA, 2023 ,SECTION 272 PROVISION OF PUNISHMENT

इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध की एफआईआर दर्ज होगी एवं कार्यवाही कर के आरोपी को जमानत पर छोड़ सकती है ढ्ढ इस अपराध की सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है एवं यह समझोते योग्य नहीं है अर्थात राजीनामा नहीं किया जा सकता है
**सजा-** इस धारा के अपराध के लिए अधिकतम दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## घटित अपराध की झूठी सूचना देने वाले व्यक्ति को जाना पढ सकता है दो साल तक जेल जानिए/legal advice....

अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध होने की सूचना पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को नहीं देता है तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 239 के अंतर्गत अपराध बनेगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि घटित अपराध की सूचना दे व्यक्ति लेकिन झूठी हो अगर कोई भी व्यक्ति अपराध की झूठी सूचना देता है तब उसके खिलाफ भी कार्यवाही होगी जानिए

**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 240 एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 203 की परिभाषा:** अगर कोई व्यक्ति चाहे वह अपराध की सूचना देने के लिए बाध्य हो या न हो किसी घटित अपराध की झूठी, मिथ्या सूचना देगा वह व्यक्ति BNS की धारा 240 एवं IPC की धारा 203 के अंतर्गत दोषी होगा।

**इस अपराध के लिए आवश्यक तत्व निम्न है-**
1. कोई अपराध घटित हुआ हो।
2. आरोपी व्यक्ति को उस अपराध की जानकारी हो और वह जानबूझकर कर झूठी सूचना दे रहा हो।
3. जब वह सूचना दे रहा है तब उसे ज्ञात होना चाहिए कि सूचना झूठी है।

Bharatiya Nyaya Sanhita Section 240 or Indian Penal Code Section 203 Provision of punishment

यह अपराध सं असंज्ञेय एवं यह जमानतीय अपराध होते हैं , अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध की एफआईआर भी दर्ज नहीं होती है लेकिन पुलिस अधिकारी NCR लिख सकती है , इस अपराध के लिए न्यायालय में परिवाद लगाया जा सकता है एवं सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है।
**सजा-** इस अपराध के लिए अपराधी व्यक्ति को दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## गूगल क्लाउड ने मध्यप्रदेश में स्टार्टअप हब और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दिया प्रस्ताव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- तेजस विमान निर्माता हिंदुस्तान ऐरोनाटिक्स ने प्रदेश में रक्षा उद्योग स्थापना में दिखाई रूचि
- मध्यप्रदेश और कर्नाटक का भाई-भाई का संबंध निवेश के लिए आमंत्रित हैं
- 3200 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त - 7 हजार रोजगार के अवसर होंगे सृजित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गूगल क्लाउड ने कुशल कार्यबल को बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश में स्टार्टअप हब और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव दिया है। तेजस विमान के निर्माता हिन्दुस्तान ऐरोनाटिक्स लिमिटेड से मध्यप्रदेश में रक्षा संबंधी उद्योग स्थापना के संबंध में चर्चा हुई है, जिसके सकारात्मक परिणाम आने की संभावना है। इसी प्रकार एन वीडिया ने मध्यप्रदेश को %भारत की इंटेलिजेंस राजधानी% के रूप में स्थापित करने के लिए ब्लू प्रिंट तैयार करने का सुझाव दिया है। बेंगलुरू में इन्वेस्ट मध्यप्रदेश सत्र के अंतर्गत इन्वेस्टमेंट अर्पोच्यूनिटिज इन मध्यप्रदेश के इंटरेक्टिव सत्र में प्रदेश में लगभग 3200 करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, इससे लगभग रोजगार के 7 हजार अवसर सृजित होंगे। यह दौरा निवेश की दृष्टि से सकारात्मक रहा। मध्यप्रदेश और कर्नाटक का भाई-भाई का संबंध है, दोनों राज्यों में एक सा वातावरण है। कर्नाटक में व्यापार, व्यवसाय और उद्योग संचालकों को अपनी गतिविधियों के विस्तार के लिए और स्थान मिले, इसी उद्देश्य से इन्वेस्ट मध्यप्रदेश कार्यक्रम कर्नाटक में आयोजित किया गया।




### मध्यप्रदेश और कर्नाटक के संबंध समय के साथ अधिक समृद्ध व प्रगाढ़ होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेंगलुरू में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के सकारात्मक परिणाम, 28 अगस्त को ग्वालियर में होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में दिखेंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश आमंत्रित करने के लिए राज्य सरकार ने अलग-अलग राज्यों में जाकर वहाँ के उद्यमियों और उद्योगपतियों से चर्चा की योजना बनाई थी। इस दिशा में ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं।

### इन्वेस्ट मप्र में कर्नाटक सहित अन्य राज्यों के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने की भागीदारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आईटी कंपनियों की ख्यातिनाम संस्था नैसकॉम और स्पेस टेक्नोलॉजी सेक्टर के प्रतिनिधियों तथा इन्फोसिस, काग्निज़ेंट, टीसीएस, हैपियस माइन्स और सैप इत्यादि के साथ प्रदेश में आईटी के विकास और उनके भविष्य की योजनाओं के संबंध में चर्चा हुई, जिसके सकारात्मक परिणाम आने की संभावना है।

## स्वामी विवेकानन्द जी से आत्म उन्नति और राष्ट्र निर्माण की सीख ले युवा : श्री मंगुभाई पटेल

### राज्यपाल कलाव्योम फाउंडेशन के कार्यक्रम में हुए शामिल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि युवा स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों और साहित्य को जरूर पढ़े। स्वामी जी से आत्म उन्नति और राष्ट्र निर्माण की सीख ले। प्रत्येक देशवासी स्वामी जी की आशा और अपेक्षा के अनुरूप अपने कार्यों का आकलन करे और राष्ट्र हित में योगदान दे। राज्यपाल श्री पटेल कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा आयोजित ÷स्वामी विवेकानन्द जी की दृष्टि में विकसित भारत÷ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कला, संस्कृति




और कौशल विकास के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के लिए फाउंडेशन की सराहना की। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि हम सबकी अपने राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी है। युवाओं को स्वामी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व से सीखना चाहिए। स्वामी जी के आदर्शों और आव्हान का अनुसरण करते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा और सामर्थ्य का उपयोग गरीब, वंचित और जरूरतमंदों के हित में करे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि अमेरिका प्रवास के दौरान स्वामी विवेकानन्द जी ने पत्रकारों से कहा था कि यह सदी आपकी है लेकिन 21वीं सदी भारत वर्ष की होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में स्वामी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने का यह स्वर्णिम समय है। हम सबको अगले 25 वर्षों तक समर्पित होकर समृद्ध और विकसित भारत की सुदृढ़ नींव रखना होगा। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य करे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं के सुरक्षा सुनिश्चित हो, मोहम्मद युनुस को बधाई देते हुए बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ लेने वाले मोहम्मद यूनुस को शुभकामनाएं दीं और देश में जल्द ही स्थिति सामान्य होने तथा हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित होने की उम्मीद जताई। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित यूनुस (84) ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति भवन बंगभवन में आयोजित समारोह में यूनुस को पद की शपथ दिलाई। नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को लेकर सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शनों के परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से इस्तीफा देने और भारत पहुंचने के बाद मंगलवार को यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया था। मोदी ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस को नयी जिम्मेदारी संभालने के लिए मेरी ओर से शुभकामनाएं। हम उम्मीद करते हैं कि जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी और हिंदुओं व अन्य सभी अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा, भारत शांति, सुरक्षा व विकास के लिए दोनों देशों के लोगों की साझा आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बांग्लादेश के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ लेने वाले मोहम्मद यूनुस को शुभकामनाएं दीं और देश में जल्द ही स्थिति सामान्य होने तथा हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित होने की...**

## राहुल गांधी ने मोहम्मद यूनुस को देते हुए जल्द शांति और सामान्य स्थिति की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोहम्मद यूनुस के बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ लेने के बाद बृहस्पतिवार को उन्हें बधाई दी और कहा कि शीघ्र ही शांति और सामान्य स्थिति की बहाली समय की मांग है। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मदं यूनुस ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से, मैं प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के



प्रमुख के रूप में शपथ लेने पर अपनी शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा, ÷हमें पूरी उम्मीद है कि हमारे पड़ोसी बांग्लादेश, जिसके साथ हम भारतीयों का ऐतिहासिक रिश्ता है, में सामान्य स्थिति और शांति लौटेगी। हम सभी अल्पसंख्यकों सहित सभी बांग्लादेशी लोगों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ लेने पर प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस को बधाई। शांति और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली समय की मांग है।














# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सांसद हिमाद्री सिंह ने मुलाकात की अनूपपुर तक आएगी नागपुर ट्रेन

**कैलाश कुमार -**
**सह संपादक (युवा प्रदेश)**



**अनूपपुर।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने 6 अगस्त 2024 को दिल्ली में रेल मंत्री भारत सरकार अश्वनी वैष्णव से सकारात्मक मुलाकात कर शहडोल संसदीय क्षेत्र के लोगों की ट्रेन को लेकर चली आ रही प्रमुख समस्याओं को रेल मंत्री को अवगत कराते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि मेरे शहडोल संसदीय क्षेत्र के लोगों ने फिर से मुझ पर विश्वास कायम किया है और हमने भी उनसे वादा किया था की रेल समस्याओं का निदान शीघ्र कराया जाएगा। उन्होंने रेल मंत्री से अपेक्षा की की महत्वपूर्ण समस्याओं का निदान शीघ्र करने की कृपा करें।जिस पर रेल मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आपकी मांगों पर कार्यवाही की जाएगी।जिसमें प्रमुख रूप से शहडोल नागपुर ट्रेन का अनूपपुर तक विस्तार एवं रानी कमलापति संतरागाछी का अनूपपुर जंक्शन स्टेशन पर स्टॉपेज प्रमुख मांगों में शामिल है।इसके साथ ही संसदीय क्षेत्र की अन्य रेल सुविधाओं के संबंध में भी उन्होंने विस्तार से बातचीत कर शीघ्र निदान करने की मांग की। इस दौरान मां नर्मदा जी का छायाचित्र दे कर आगामी कार्यों हेतु बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की। सांसद हिमाद्री सिंह ने रेल मंत्री से मुलाकात करने के बाद कहा कि हमें उम्मीद हीं नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि आने वाले कुछ वर्षों में शहडोल लोकसभा क्षेत्र में रेल मार्ग के विस्तार मे सुविधाओं का बदलाव होगा।

# हरियाली तीज उत्सव धूमधाम से समपन्न

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर - अनूपपुर सावन मास पर जहां सभी मंदिरों एवं शिवालय मे पूजा अर्चना की भीड़ लगी रहती है ऐसे सावन माह के शुभ अवसर पर नगर की महिलाओं द्वारा श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा कर , इसी श्रावण मास में खुशी के मौके पर सावन महोत्सव कार्यक्रम का वृहद आयोजन होटल धनश्री पैलेस अनूपपुर में किया गया, कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं का स्वागत तिलक एवं बेंदी लगाकर किया गया, उपस्थित अतिथियों में सासु माँ के पवित्र रिश्ते मे बंधी हुई सभी वरिष्ठ महिलाओं ने सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन कर एवं भगवान की पूजन कर पुष्प अर्पण करने के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ किया उन सभी अतिथियों का सम्मान पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर किया गया, कार्यक्रम की संयोजिका, आयोजिका अन्नपूर्णा शर्मा एवं सहयोगी पूजा खण्डेलवाल द्वारा



कार्यक्रम की तैयारी लगभग एक माह से कर रही थी, जिसमे नगर के लगभग सैकड़ो महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्वागत उदबोधन लायंस अध्यक्ष सरला भदौरिया जी के द्वारा किया गया गीत संगीत के द्वारा सभी महिलाओं ने अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसमे शालू अग्रवाल ,पल्लवी अग्रवाल , खुशबू अग्रवाल ,नीतू खेमका , ज्योति नंदा ,संगीता अग्रवाल , स्वाति गुप्ता ने मिलकर कई मनमोहक प्रस्तुतियां दी इसके पश्चात पर्यावरण को बढ़ावा देते हुवे सभी महिलाओं ने घर घर एक पेड़ लगाने का आव्हान को स्वीकार करते हुवे सावन महोत्सव का कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रम में मधुर संगीत के आकर्षण के साथ अलका जायसवाल ,नीलम गुप्ता ,अरुणा साहू ,अंकिता पाल ,आराधना वर्मा स्मिता गुप्ता ,सरस्वती ताम्रकार ,दीपा जायसवाल , पूनम खरे , सुनीता मिश्रा ,ऋचा नामदेव ,दीप्ति गुप्ता लक्ष्मी खेड़िया ,मीना सिंह ने सामूहिक प्रस्तुति दी कार्यक्रम में सावन में हरियाली एवं भगवान शंकर जी स्तुति के साथ लोकगीत ,नृत्य की प्रस्तुति में अधिकांश महिलाओ ने , कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें सरिता खेमका ,रंजीता तोमर ,सोनल सिन्हा ,जूही गुप्ता ,स्वेता सोनी ,अंशुल तिवारी , ममता



गुप्ता ,,सिम्मी जायसवाल ,गीत शिवहरे ,रति गुप्ता ,श्वेता नामदेव ,सुरेखा गुप्ता ,भारती शिवहरे , पूनम गुप्ता ,पूनम पाण्डेय , के नृत्य पर सभी मंत्र मुग्ध होकर कार्यक्रम का आनंद उठाया ग्रुप गेम्स ग्रुप् अंताक्षरी , लकी ड्रा कूपन का भी मनोरंजक कार्यक्रम रखा गया था जिसमे सभी महिलओ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया व रैम्प वाक पर भी संगीत पर थिरकते हुए उम्र कोई मायने नही रखती दिखाकर हर उम्र की महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम मे उपस्थित सहभागियों ने शानदार कार्यक्रम की निरुपमा पटेल ,नीरा गुप्ता, आशा जगवानी ,सरोज बियानी ,जयश्री बियानी, रेखा गुप्ता, निल्पी बघेल, लक्ष्मी गुप्ता ,अर्चना अग्रवाल ने बधाई दी एवं नगर में महिलाओं के ऐसा सुंदर कार्यक्रम करने की काफी सराहना कि कार्यक्रम के अंत मे सभी महिलाओं को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन अन्नपूर्णा शर्मा एवं धन्यवाद एवं आभार प्रदर्शन पूजा खण्डेलवाल के द्वारा दिया गया।





# साइबर अपराध पुलिस के लिए बना बड़ी चुनौती

## मोबाइल के बढ़ते उपयोग के कारण साइबर ठगी की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी

रिपोर्टर: देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश

साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु शहर के सभी सरकारी एवं प्राइवेट बैंकों के मैनेजरों के साथ पुलिस आयुक्त द्वारा आयुक्त कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस अधिकारियों के अलावा शहर के सभी सरकारी एवं प्राइवेट बैंकों के प्रबंधक भी मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस आयुक्त ने कहा कि साइबर अपराध पुलिस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन गया है। आधुनिकीकरण एवं मोबाइल के बढ़ते उपयोग के कारण साइबर ठगी में घटनाओं में विगत वर्षों में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है, जो कि न केवल पुलिस के लिए ही बड़ी चुनौती है बल्कि आमजन की मेहनत की कमाई पर बड़ी आसानी से सेंध लगा रहे हैं।आंकड़े की बात करें तो बाकी अन्य तरह के धोखाधड़ी एवं ठगी के मामलों एवं राशि की अपेक्षा साइबर मामले कई गुना ज्यादा है। साइबर अपराधों को रोकने के लिए मुख्य रूप से बैंकों को अपनी प्रणाली को सुरक्षित बनाने एवं अपने ग्राहकों को जागरूकत करने की अत्यंत आवश्यकता है।बैंकों को अपने ग्राहकों के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। बैंकों को साइबर हमलों की रिपोर्ट करनी चाहिए ताकि अन्य बैंकों और ग्राहकों को भी सावधान किया जा सके तथा बैंकों को साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। इन जिम्मेदारियों को पूरा करके, बैंक साइबर अपराधों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बैठक के दौरान साइबर अपराधों को रोकने हेतु बैंकों द्वारा किए जा रहे सुरक्षा उपायों के




सम्बंध में बताया। एवं सुझाव भी रखे गये।साथ ही मैनेजरों को साइबर अपराध संबंधी जानकारी पुलिस को तत्काल देने को कहा गया एवं मैनेजरों की जवाबदेही तय की गई। साइबर ठगी के कई तरीके हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख तरीके हैं फिशिंग - इसमें ठग नकली ईमेल या मैसेज भेजते हैं जो वास्तविक कंपनियों या संगठनों जैसे दिखते हैं, लेकिन वास्तव में आपकी व्यक्तिगत जानकारी चोरी करने के लिए होते हैं। विशिंग- इसमें ठग नकली वेबसाइट्स पर ले जाते हैं जो वास्तविक वेबसाइट्स जैसी दिखती हैं, लेकिन वास्तव में व्यक्तिगत जानकारी चोरी करने के लिए होती हैं। मैलवेयर-इसमें ठग डिवाइस में मैलवेयर स्थापित करते हैं जो व्यक्तिगत जानकारी चोरी कर सकता है या डिवाइस को नुकसान पहुंचा सकता है। सोशल इंजीनियरिंग- इसमें ठग आपको मनाने की कोशिश करते हैं कि आप अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करें या कुछ ऐसा करें जिससे आपको नुकसान हो सकता है।क्लोनिंग-इसमें ठग बैंक खाते या क्रेडिट कार्ड की जानकारी चोरी करते हैं और उसका उपयोग पैसे चोरी करने के लिए करते हैं। स्मिशिंग- इसमें ठग नकली एसएमएस भेजते हैं जो वास्तविक कंपनियों या संगठनों जैसे दिखते हैं, लेकिन वास्तव में आपकी व्यक्तिगत जानकारी चोरी करने के लिए होते हैं।वायरस और ट्रोजन- इसमें ठग डिवाइस में वायरस या ट्रोजन स्थापित करते हैं जो आपकी व्यक्तिगत जानकारी चोरी कर सकते हैं या आपके डिवाइस को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा साइबर ठगी के कुछ नए तरीके भी हैं जैसे डर का इस्तेमाल साइबर अपराधी लोगों को डरा धमका कर ठगी करते हैं। वे पुलिस स्टेशन जैसे सेटअप से विडियो कॉल कर विक्टिम को बुरी तरह डराते हैं। आधार कार्ड, पैन कार्ड की डिटेल बताकर विक्टिम यकीन दिलाते हैं कि आपका संदिग्ध एक्टिविटी में नाम आ चुका है। नौकरी का झांसा देकर युवाओं का कंबोडिया का वीजा बनवाया जा रहा है, जहां से उन्हें अवैध तरीके से म्यांमार ले जाया जा रहा है। वहां उन्हें बंधक बनाकर साइबर ठगी की जा रही है। साइबर अपराधी 'डिजिटल अरेस्ट' का झांसा देकर लोगों से पैसे ऐंठते हैं। वे विक्टिम को कहते हैं कि आपका संदिग्ध एक्टिविटी में नाम आ चुका है और आपको डिजिटल अरेस्ट किया जा सकता है। फर्जी पुलिस*- साइबर अपराधी फर्जी पुलिस बनकर लोगों से पैसे ऐंठते हैं। वे विक्टिम को कहते हैं कि आपको पुलिस स्टेशन आना होगा और नहीं आने पर आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साइबर ठगी से बचने के लिए आमजन व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें।दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करें। वेबसाइट्स और ईमेल्स की जांच करें।सॉफ्टवेयर अपडेट रखें। एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग करें। सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग न करें।संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करें।

# राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा

## संभागायुक्त ने लाल परेड मैदान का निरीक्षण किया

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन
भोपाल मध्य प्रदेश

स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के लिए सभी विभाग सौंपे गए कार्य समय से पूर्ण कर लें, ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार के परिवर्तन अथवा संशोधन की आवश्यकता न रहे। संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मुख्य समारोह संबंधी तैयारियों की समीक्षा हेतु लाल परेड मैदान का निरीक्षण किया और इससे जुड़े अधिकारियों की बैठक भी ली। बैठक में उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह के लिए बैठक व्यवस्था, पार्किंग स्थल, बिजली व्यवस्था, आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था आदि सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त, , नगर निगम आयुक्त सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि परेड और मार्च पास्ट की रिहर्सल पूर्व से ही प्रारंभ कर दी गई है। संभागायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले अतिथियों आदि की बैठक व्यवस्था बेहतर रखी जायेगी , ताकि किसी को भी असुविधा न हो। इस दौरान नगर निगम और लोक निर्माण विभाग





को आपसी समन्वय कर बारिश के दृष्टिगत भी बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण एवं बैठक में राजस्व, लोक निर्माण, जनसम्पर्क, नगर निगम, वि.स.बल एवं पुलिस, विद्युत आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# संभावित दुर्घटना से बचने वर्षा के दौरान नदी, तालाब व डेम के आसपास पिकनिक मानने न जाएं कलेक्टर ने की अपील



रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश

जिले में हो रही लगातार भारी बारिश को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नागरिकों से अपील की है, कि नदी, नाले, पुल, पुलिया, रपटा पर जलभराव की स्थिति में वहां से गुजरने वाले रास्तों को बाढ़ एवं पानी होने की स्थिति में पार नहीं करें तथा सुरक्षित स्थानों में रहें। इसके साथ ही वर्षा के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक नदी, तालाब व डेम के आसपास पिकनिक मनाने जाते हैं। कई बार थोडी सी लापरवाही से बड़ी घटनाएं घटित हो जाती हैं। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से खतरनाक और गहरे पानी वाली जगहों पर नहीं जाने की अपील की है। कलेक्टर ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को नदी, तालाब, पोखर में नहाने अथवा पिकनिक के लिए जाने से मना करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जिले के सभी तालाबों, डेम, नदी, नालों और जल भराव वाले क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखें और स्थानीय लोगों से सम्पर्क में रहें। कलेक्टर ने वर्षा, जल भराव और अतिवृष्टि की स्थिति में लोगों को ऐसी जगहों से हटाने और वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही गहरे पानी वाली जगहों पर लोगों को जाने से रोकने के निर्देश दिए हैं। नदी, नाले, पुल, पुलिया, रपटे पर पानी आने पर बैरिकेड लगाकर कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न राजस्व महाअभियान 2.0 की गति बढ़ाने के निर्देश

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल। मध्यप्रदेश

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं एकीकृत पत्र समीक्षा, जनशिकायत निवारण प्रणाली अंतर्गत समय-सीमा प्रकरण की विभाग एवं अनुभाग वार समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में बैरसिया अनुभाग की समीक्षा के दौरान बैरसिया एसडीएम को प्रति मंगलवार को समस्त प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में जनसुनवाई करने के निर्देश दिए गए। राजस्व महाअभियान 2.0 की समीक्षा में कलेक्टर ने अभियान की गति बढ़ाने के लिए सभी एसडीएम से समस्याओं के बारे में पूछा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम के अधिक मामलों का




निराकरण करने और अधिक से अधिक ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी से सभी स्कूल भवनों के सर्वे की जानकारी ली गई। मरम्मत योग्य और जर्जर स्कूलों की जानकारी क्षेत्रीय एसडीएम से साझा कर त्वरित कार्यवाई के निर्देश दिए गए। जहां शिफ्टिंग की आवश्यकता है, वहां बच्चों की वैकल्पिक व्यवस्था कर शिक्षण कार्य जारी रखने के निर्देश दिए गए। सभी एसडीएम को फील्ड में अधिक रहने और कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के निर्देश दिए गए ताकि क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सके। सामूहिक कार्यक्रमों पर नजर रखने और आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने के भी निर्देश दिए गए ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो।ग्रामीण क्षेत्रों में आरईएस के इंजीनियर और नगरीय क्षेत्रों में नगर निगम के इंजीनियरों को समस्त शासकीय अशासकीय भवनों का सर्वेक्षण कर जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर कार्यवाई करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और आरईएस को मिलकर कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एडीएम, सभी अनुभागों के एसडीएम एवं सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नर्मदा उद्गम स्थल से जल लेकर श्री जालेश्वर महादेव में जलाभिषेक करेंगे विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को

## 11 को निकलेगी रथ यात्रा 12 को विशाल भंडारा

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**



अनूपपुर। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को के नेतृत्व में बाबा भोलेनाथ की रथयात्रा कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।जो की दो दिवसीय 11 एवं 12 अगस्त 2024 को संपन्न होगा। पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने जानकारी देते हुए बताया कि देवाधिदेव महादेव श्री शिवशंकर जी की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से विगत वर्षों की भाति इस वर्ष 2024 में भी रथयात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।जिसके तहत 11 अगस्त 2024 दिन रविवार को प्रातः 8 बजे श्री शंकर मंदिर जोहिला तट राजेन्द्रग्राम से रथ यात्रा प्रस्थान करेगी रात्रि विश्राम दिनांक 11 अगस्त 2024 को ग्राम भुण्डाकोना में होगा।एवं 12 अगस्त 2024 दिन सोमवार को प्रातः ग्राम भुण्डाकोना से यात्रा प्रारंभ होकर अमरकंटक माँ नर्मदा उद्गम स्थल से जल लेकर श्री जालेश्वर महादेव में जलाभिषेक एवं शायं 4 बजे विशाल भण्डारा के कार्यक्रम के साथ संपन्न होगी। पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने सभी शिव भक्तों से विनम्र अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में श्री भोलेनाथ की रथ यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।






**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

उदयपुरा। आज दिनांक 7 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर्स की टीम के द्वारा छात्रावास के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें उनका एचपी, खून की जांच, हीमोग्लोबिन एम शुगर की जांच की गई। मौसम के आधार पर जो बीमारी थी उसकी दवाई दी गई। जिसमें अतुल ह्य/श्र लक्ष्मी नारायण, दीपक ह्य/श्र चरण सिंह, अरमान ह्य/श्र सुनील को संपूर्ण जांच के लिए अस्पताल भेजा गया और उनकी सभी जांचे कर स्वास्थ परीक्षण के साथ उचित इलाज किया गया।। छात्रावास और कॉलेज के छात्रावास के विद्यार्थियों को मिलाकर 50 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर शासकीय अस्पताल उदयपुरा के बीएमओ सर डॉक्टर महेंद्र सिंह धाकड़ जी खंड चिकित्सा अधिकारी, डॉ सतीश सिंह मौर्य आरबीएसके ने बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य कर उनका त्वरित इलाज किया। शासकीय सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास उदयपुरा के अधीक्षक श्री बैजनाथ सिंह जी इमने, सभी कर्मचारी और छात्र मौके पर उपस्थित रहे।

# लेखपाल को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने रंगे हाथों दबोचा

जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मेहंदवानी में पदस्थ लेखपाल को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने रंगे हाथों दबोच लिया। एक पेंशन प्रकरण में ग्रेच्युटी व सेवा पुस्तिका की जांच करवाई के प्रकरण के एवज में पेंशनर से रिश्वत की मांग की गई थी। सत्यापन के बाद लोकायुक्त की टीम द्वारा मंगलवार को लेखापाल के शासकीय आवास में उसे ट्रैप कर लिया गया। राजेंद्र कुमार मार्को पिता स्वर्गीय केहर सिंह मार्को उम्र 47 वर्ष पद लेखापाल खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मेंहदवानी व सहआरोपी राजेश कुमार उइके पिता कृष्ण लाल उइके उम्र 38 वर्ष निवासी सरदार पटेल वार्ड न्यू ईडन गार्डन कॉलोनी लालीपुर मंडला को ट्रैप किया गया है।

## तीस मई को हुए सेवानिवृत्त

जानकारी में बताया गया कि आवेदक दीपक नामदेव उम्र 28 वर्ष ग्राम मेहंदवानी तहसील शहपुरा के पिता मदन नामदेव बीईओ कार्यालय मेंहदवानी से लेखापाल के पद से 30 मई 2024 को सेवानिवृत हो गए थे। उनकी पेंशन, ग्रेच्युटी के संबंध में सेवा पुस्तिका जांच प्रकरण बढ़ाने के एवज में बीईओ कार्यालय मेंहदवानी में पदस्थ लेखापाल राजेंद्र मार्को द्वारा 40 हजार रिश्वत की मांग की गई। जिसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में की गई। शिकायत सत्यापन उपरांत 6 अगस्त को शासकीय आवास, ब्लॉक कॉलोनी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय के सामने मेंहदवानी में आरोपी राजेंद्र कुमार मार्को लेखापाल व सह आरोपी राजेश उइके को 40 हजार की रिश्वत राशि लेते हुए लोकायुक्त जबलपुर टीम के उप पुलिस अधीक्षक दिलीप झरवडे, इंस्पेक्टर मंजू किरण तिर्की, इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके सहित 5 अन्य सदस्यों ने रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## कौशल विकास संचालनालय म.प्र.

### विज्ञप्ति

म.प्र. राज्य एवं राज्य के बाहर के इच्छुक आवेदक विभाग के पोर्टल (www.dsd.mp.gov.in) पर 'प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2024' पर जाकर रजिस्ट्रेशन / रजिस्ट्रेशन में त्रुटिसुधार एवं च्वाईस फिलिंग कर सकेंगे। पूर्व से रजिस्टर्ड अप्रवेशित आवेदकों को भी सूचित किया जाता है कि वे रिक्त सीटों के अनुरूप नवीन च्वाईस फिलिंग अवश्य करें। निर्धारित समय सारणी अनुसार प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन / रजिस्ट्रेशन में त्रुटिसुधार एवं च्वाईस फिलिंग के लिए पोर्टल पर प्रक्रिया दिनांक 07.08.2024 से पुनः प्रारंभ की जा रही है।

म.प्र. की शासकीय/प्रायवेट आईटीआई में प्रवेश 2024 हेतु आगामी समय चक्र

| स. क्र. | गतिविधियाँ | तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1. | ओपन (कन्वर्जन) राउण्ड म. प्र. राज्य एवं राज्य के बाहर के आवेदकों द्वारा प्रवेश पोर्टल पर आवेदन हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन / रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार। इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन करना / इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के क्रम में त्रुटि सुधार ( च्वाईस लॉक करने के पूर्व तक)। | 07-08-2024 से 14-08-2024 |
| 2. | कामन रैंक आवेदकों के लॉगिन पर प्रदर्शित की जायेगी। | 16-08-2024 |
| 3. | कामन रैंक में यदि प्राप्तांकों में त्रुटि हो तो सुधार हेतु आवेदको द्वारा ईमेल mpiticounseling2024@gmail.com के माध्यम से सायं 05 बजे तक त्रुटि सुधार किया जा सकेगा। आवेदक द्वारा रजिस्ट्रेशन क्रमांक एवं संबंधित अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य होगा। | 17-08-2024 से 19-08-2024 |
| 4. | पंचम चयन सूची ओपन ( कन्वर्जन ) राउण्ड समस्त सीटों के कन्वर्जन सहित एवं राज्य के बाहर के आवेदकों को जोड़ते हुए मेरिट सूची जारी करना | 21-08-2024 |
| 5. | पंचम चयन सूची के आवेदकों का प्रवेश सीटों के कन्वर्जन सहित | 22-08-2024 से 24-08-2024 |

प्रवेश पोर्टल पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संपर्क करें

फोन नं.- 9171257462, 8982018733, 9111749057, ई-मेल - mpiticounseling2024@gmail.com

संयुक्त संचालक
कौशल विकास संचालनालय, म.प्र.

G-14602/24






# शिक्षक ने अपनी जगह डेढ सौ रूपए प्रतिदिन में बच्चों को पढाने रखा युवक



**डिंडौरी।** जिले में अभी तक शराबी शिक्षक, दो पति-पत्नी वाले शिक्षक के मामले तो सामने आते रहे हैं, लेकिन अब शिक्षक की जगह दिहाडी मजदूर स्कूल में पढ़ाते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही मामला जिले के अमरपुर विकासखंड अंतर्गत टिकरा टोला स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल का सामने आया है। यहां पदस्थ शिक्षक शराब पिए हुए घर में आराम फरमाते रहते हैं और उनकी जगह महज डेढ़ सौ रुपए में एक युवक स्कूल में बच्चों को पढाने का काम कर रहा है। शासकीय उन्नत प्राथमिक स्कूल में बच्चों को पढा रहे युवक का नाम महेंद्र सिंह परस्ते बताया गया है। इस स्कूल में मत्ते सिंह मसराम नामक शिक्षक पदस्थ हैं, जिन्होंने महेंद्र को डेढ सौ रुपए प्रतिदिन के हिसाब से विद्यार्थियों को पढाने के लिए रखा है। शिक्षक मत्ते सिंह घर में आराम फरमाते मिले। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए सो रहे थे। वे पढ़ाने जाते हैं। थोड़ी देर बाद वे गमछा लपेटे ही स्कूल पहुंच गए। ग्रामीण ने बताया कि शिक्षक मत्ते सिंह मसराम वर्ष 1997 में गुरुजी के पद पर भर्ती हुए थे। इसके बाद शिक्षाकर्मी बने और वर्ष 2015 में शिक्षक बन गए। तब से वे इसी स्कूल में पदस्थ है। हमेशा शराब के नशे में रहने का आरोप भी लोगों ने लगाया है।

# आईटीआई में रजिस्ट्रेशन व च्वाइस फिलिंग 14 तक



डिंडौरी। शासकीय आईटीआई डिंडौरी के साथ-साथ जिले के विकासखंड शहपुरा, मेहंदवानी, बजाग, समनापुर, अमरपुर व करंजिया में संचालित आईटीआई में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए पांच राउंड में रिक्त सीटों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन के माध्यम से विभाग के डीएसटी पोर्टल पर प्रवेश के लिए 14 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन व च्वाइस फिलिंग कर सकेंगे। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए आवेदक विभाग के डीएसडी पोर्टल, कार्यालयीन कार्य दिवस में शासकीय आईटीआई डिंडौरी में स्थापित हेल्प डेस्क या किसी भी आईटीआई में स्वयं उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लच आवेदक ऑनलाइन सहायता केन्द्र व स्वयं अपने स्तर पर कंप्यूटर या मोबाइल से प्रवेश पंजीयन फार्म भर सकते हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री रामनाथ कोविंद जी के निवास दिल्ली में श्री नारायण सिंह केसरी का जन्म दिन मनाया

मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल

भोपाल। पूर्व सांसद राज्यसभा के श्री नारायण सिंह केसरी जी जिनका आज 3 अगस्त 2024 को 100 वां जन्मदिन देश के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री रामनाथ कोविंद जी के निवासी दिल्ली में मनाया गया। दादा श्री नारायण सिंह केसरी एक ऐसी शक्शीयत है, जो कि पूर्व विधायक और राज्य सभा सांसद के अलावा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माध्यम से न सिर्फ मध्यप्रदेश की अपितु उन्होंने सम्पूर्ण देश के अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की सहायता व राहत के कार्य किये है। श्री नारायण सिंह केसरी जन्म शताब्दी समारोह समिति मध्यप्रदेश के कार्यवाहक संयोजक इंजीनियर श्री आर. डी. सुमन जी इस गौरवपूर्ण जन्म दिवस के मौके पर मौजूद रहते हुए मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के रविन्द्र भवन में दिनांक 1 अक्टूबर 2024 को ÷अनुसूचित जाति गौरव दिवस÷ के भव्य कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री रामनाथ कोविंद जी को आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का सादर आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में यह आयोजन इतना महत्वपूर्ण किया जा रहा है कि



प्रदेश की गंभीर समस्याओं, सामाजिक मांगे, बेरोजगारी का मुद्दा सहित अनुसूचित जाति के महान क्रांतिकारी व आजादी के लिए बलिदान देकर सम्पूर्ण अनुसूचित जाति वर्ग को गौरवान्वित करने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को सम्मान, व उनके जन्म स्थान पर सामाजिक प्रेरणा भवन, मूर्ति लगा कर शहीद परिवार को सुविधा एवं जीवन यापन के लिए सम्मेलन के माध्यम से बिशेष रुप से मांग रखी जायेगी। दादा श्री नारायण सिंह केसरी जी के जन्म दिन की शहीद परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से कामना की है कि वह स्वस्थ्य सदैव रहते हुए सामाजिक मांगों को मध्यप्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार से निराकरण कराकर इतिहास में अपना नाम अमर कर देश की अनुसूचित जाति वर्ग को सम्मान दिखायेगें।

# सागर संभागीय बैठक आयोजन तैयारी को लेकर विधायक सहित वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में सम्पन्न



**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

सागर। 4 अगस्त 2024 रविवार को जिला सागर में अनुसूचित जाति सम्मान समिति द्वारा आगामी 1 अक्टूबर 2024 को भोपाल में दादा नारायण सिंह केसरी जी के जन्म शताब्दी वर्ष, पूर्व राष्ट्रपति महामहिम रामनाथ कोविंद जी की प्रमुख उपस्थिति में बनाने हेतु जिला सागर संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से दादा श्री नारायण सिंह केसरी जी (पूर्व सांसद एवं राज्यसभा सदस्य), श्री नारायण कबीर पंथी जी(पूर्व मंत्री एवं आयोग अध्यक्ष, पूर्व विधायक), शैलेंद्र जैन जी (सागर विधायक), प्रदीप लारिया जी (नरयावली विधायक) रामदास सुमन जी( आयोजन संयोजक),संजय कुमार पिपरिया जी(धानुक समाज मध्य प्रदेश अध्यक्ष) , यशवंत



करोसिया जी(भाजपा जिला महामंत्री), अनिल चौधरी जी(अजा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य), भोला राम लडिया जी, गंगाराम अहिरवार( पूर्व पार्षद) जी,मूलचंद उरैया जी (धानुक समाज सागर जिला अध्यक्ष), प्रीतम बंसल जी, पंचम बंसल जी मीडिया प्रभारी ,चंदन लाल सोनिया जी, प्रदीप सोनिया जी ,हेमंत आजाद जी(पत्रकार) लखनलाल जी, आदि उपस्थित रहे ।

# सुमन लता अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस की प्रदेश सचिव नियुक्ति पर दी जा रही बधाई एवं शुभकामनाएं



**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

सिंगरौली। सामाजिक संगठनों के माध्यम से जिला सिंगरौली से लेकर प्रदेश भर में गरीबों व वंचितों की आवाज उठाने वाली सुमन लता कांग्रेस की विचारधारा में रुचि और सक्रियता को देखते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री जीतू पटवारी के निर्देशानुसार श्रीमती सुमन लता जी को अनुसूचित जाति विभाग का प्रदेश सचिव अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रदीप अहिरवार जी ने नियुक्त किया गया है। श्रीमती डेहरिया जी से अपेक्षा की जाती है कि वह कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री मल्लिकार्जुन खड़गे एवं माननीय श्री राहुल गाँधी जी व कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के साथ ही कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए समर्पित होकर काम कर अनुसूचित जाति वर्ग की तमाम लोगों की समस्याओं को उठाते हुए उन तक कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य पहुंचाने का काम करेगी। श्रीमती सुमन लता डेहरिया जी को प्रदेश सचिव बनने पर श्री मूलचन्द मेधोनिया अध्यक्ष अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार संघर्ष समिति मध्यप्रदेश के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं संप्रेषित करते हुए उनसे आशा की है वह कांग्रेस ने 2023 में जिला नरसिंहपुर के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी जो कि सन 1942 में महात्मा गाँधी जी के आवहन पर मातृभूमि पर शहीद हुए थे। जिनकी जन्म भूमि पर विशाल स्मारक, मूर्ति और सम्मान देने का ÷कांग्रेस वचन पत्र-2023 में वचन दिया था। जिसे पूर्ण करवाने के दिया में भी सहयोग प्रदान कर अनुसूचित जाति वर्ग को कांग्रेस से जोड़ने का पूरा प्रयास करेंगी।

# महिला को जहरीले सांप ने डसा, इलाज के दौरान मौत

डिंडौरी। जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माधोपुर में खेत में काम करते समय 45 वर्षीय महिला को छह अगस्त की सुबह जहरीले सांप ने डस लिया था। महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान महिला की गुरुवार की सुबह मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। अस्पताल चौकी ने बताया कि अनीता बाई पति चंदर सिंह सैयाम आंगनबाड़ी सहायिका है। सोमवार की सुबह वह खेत में धान का परहा उखाड़ने गई थी। धान का परहा उखाड़ते समय सुबह लगभग आठ बजे के आसपास एक जहरीले सांप ने उसके दाएं हाथ की बीच वाली उंगली में डस लिया और घास फूस में छिप गया था। चिल्लाने पर महिला की जेठानी सहित अन्य लोग उसके पास पहुंच गए और उसे खेत से घर ले आए। इसके बाद निजी वाहन से महिला को जिला अस्पताल लाया गया था।

# वन्यप्राणी बाघ के अंगो की तस्करी के आरोपी की चौथी जमानत याचिका निरस्त

**भोपाल।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश भोपाल एवं टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुये वन्यप्राणी बाघ के अवयवों के अवैध व्यापार व शिकार में लिप्त 04 आरोपियों को वनमंडल दक्षिण सामान्य बालाघाट, वन परिक्षेत्र कटंगी से वन्यप्राणी बाघ की 49 हड्डियों, 14 नाखून व 31 मूंछ के बाल का अवैध व्यापार करते हुये दर्ज किया गया था। गिरफ्तार कर प्रकरण स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स के द्वारा प्रकरण में की गई सटीक विवेचना के आधार परआरोपी सुनील खण्डाते की जमानत याचिका माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने दिनांक 29. 07.2024 को रद्द करते हुये यह माना कि वन्यप्राणी बाघ का योजना बद्ध तरीके से किया गया शिकार अनिम्न श्रेणी का अपराध है। जो प्रकृति (हइहइहद) के लिए अत्यंत घातक सिद्ध होता है। जिससे उक्त आरोपी को जमानत का लाभ देना उचित नही है तथा प्रकरण की सुनवाई छःमाह के भीतर पूर्ण करने के लिये ट्रायल न्यायालय को भी निर्देशित किया गया। इसके पूर्व भी उच्च न्यायालय के द्वारा उक्त आरोपी की जमानत याचिका खारिज तीन बार खारिज की जा चुकी है। प्रकरण की सुनवाई सीजेएम न्यायालय जबलपुर में जारी है।




# जन अधिकार मोर्चा ने आज आड़ावल के ज्ञानोदय हाई स्कूल में वृक्षारोपण अभियान चलाया।

आज जन अधिकार मोर्चा ने आड़ावल के ज्ञानोदय हाई स्कूल परिसर में पौधे लगाकर वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत आम और जामुन के पौधे लगाए गए ताकि भविष्य में बच्चों को छाया और फल दोनों मिलें । यह अभियान जन अधिकार मोर्चा के द्वारा पूरे मानसून सीजन में चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत फलदार पौधे पूरे जगदलपुर में प्रत्येक वार्ड और गांव में लगाए जाएंगे। इस अभियान में जन अधिकार मोर्चा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाएगा इस अभियान को चलाने का संकल्प जन अधिकार मोर्चा ने गर्मी के मौसम में लिया था जब भीषण गर्मी पड़ रही थी क्योंकि तापमान को अगर नियंत्रित नहीं किया गया तो भविष्य बहुत अंधकारमय होगा और तापमान को नियंत्रण में करने का एक ही बेहतर उपाय है और वह है वृक्षारोपण। वृक्षारोपण अभियान में प्रदेश प्रभारी कर्मवीर सिंह जादौन, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि तिवारी ,प्रदेश सचिव किरण देवांगन,दिनेश पांडे,गोलू व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।







## फैसला

हम करेंगे दुध का दुध
और पानी का पानी ।
हम लिखेंगे बहुजन
महापुरुषों की कहानी ।

1

मानवता के दुश्मन थे जो
आज वे सरताज बने हैं।
अफसोस कि हमारे ही लोग
अब उनके हमराज बने हैं।
सबसे पहले तो हमे अपनो
मे ही सुधार है लानी ।
हम करेंगे दुध का दुध
और पानी का पानी।

2

नशे की लत लगाकर हमसे
भूमि हमारा छिन लिया ।
अंधश्रद्धा का पाठ पढ़ाकर
मानसिक गुलाम बना दिया।
जागो मेरे बहुजन समाज
नही हमारी ऐसी कहानी ।
हम करेंगे दुध का दुध
और पानी का पानी।

3

अंधभक्ती का जाल बिछाकर
धुर्त फायदा उठा रहे हैं।
लोगों को सब्जबाग दिखाकर
मौत की नींद सुला रहे हैं।
इन झुठे मक्कारों से अब
हम सबको पार है पानी।
हम करेंगे दुध का दुध
और पानी का पानी ।

4

संतों, गुरुओं, महापुरुषों ने
सच्चा मार्ग दिखलाया था ।
मनु के इन सिपहसालारों ने
हमे राह से भटकाया था।
कल्प चरित्रों को सच करने
इनका नहीं है कोई सानी ।
हम करेंगे दुध का दुध
और पानी का पानी।
हम लिखेंगे बहुजन
महापुरुषों की कहानी

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**

# उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने 9 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

## शिवना नदी पर निर्मित स्टॉप डेम से 5 हजार किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ विधान सभा के ग्राम डोडिया मीणा से कोलवा मार्ग पर स्थित शिवना नदी पर 5 करोड़ 86 लाख से निर्मित जलमग्नीय पुल का लोकार्पण किया। शिवना नदी पर निर्मित 24 लाख 90 रुपए की लागत के स्टॉपडेम का लोकार्पण किया। श्री देवड़ा ने ग्राम धमनार में 2 करोड़ 99 लाख 28 हजार रुपए की लागत से निर्मित शासकीय हाई स्कूल भवन का लोकार्पण भी किया। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि एक समय था जब यहां पर पुल नहीं था, इसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में बहुत ज्यादा परेशानी होती थी। यहां तक की दुर्घटनाएं भी हो जाती थी, अब पुल के निर्माण हो जाने से आसपास के कई गांवों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिवना नदी पर निर्मित स्टॉपडेम बन जाने से 10 गांव के 5 हजार किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पूरे मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 1 हजार करोड़ रुपए की लागत से 212 सड़कों का निर्माण किया गया है और 36 डेम निर्मित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि अब क्षेत्र के हर खेत तक चंबल का पानी पहुंचेगा। सिंचाई को लेकर किसानों को अब किसी भी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। अपनी इच्छा अनुसार खेत पर वाल्व चालू करके किसी भी समय खेत में सिंचाई कर सकते हैं। अब बिजली पर भी किसानों को निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रत्येक गांव में अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाएगा और विकास के मामले में पूरे प्रदेश में मल्हारगढ़ को नंबर एक स्थान पर लाया जाएगा। ÷एक पेड़ मां के नाम अभियान÷ के तहत उप मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि एक पौधा मां के नाम के तहत सभी अवश्य पौधा लगाए। उन्होंने कहा कि मां के ऋण को कभी नहीं चुकाया जा सकता है, लेकिन एक पेड़ लगाकर कर्तव्य निभाया जा सकता है। उन्होंने तिरंगा यात्रा में शामिल होने की सभी से अपील की और कहा कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा अवश्य लगाए। राष्ट्रभक्ति और देशभक्ति का परिचय दें।

# देश के सभी प्रमुख शहरों में मृगनयनी एम्पोरियम की शाखाएं स्थापित की जाएं : राज्य मंत्री श्री जायसवाल

## कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री ने विभागीय उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश दिये

**भोपाल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश की स्थानीय कलाकृतियों, हस्तशिल्प एवं हाथकरघा उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिये देश के सभी प्रमुख शहरों में मृगनयनी एम्पोरियम की शाखाएं स्थापित की जाएं?। इसके लिये हर स्तर पर प्रभावी कार्यवाही की जाये??। राज्य मंत्री श्री जायसवाल गुरूवार को मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभाग के सभी उत्पादों का उत्पादन एवं उनकी गुणवत्ता बढ़ाने और इन्हें आकर्षक तरीके से पैकेजिंग कर बेचने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कारीगरों के कौशल उन्नयन कार्य में भी और प्रगति लाई जाये और अधिकाधिक कारीगरों को प्रशिक्षित किया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव, कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री अमित राठौर, सचिव, खादी व ग्रामोद्योग विकास बोर्ड श्री माल सिंह, आयुक्त रेशम श्री मदन विभीषण नागरगोजे, मप्र संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम के प्रबंध संचालक तथा आयुक्त, हस्तशिल्प एवं हाथकरघा श्री मोहित बुंदस, उप सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री ऋषि गर्ग, अवर सचिव श्री जी.एस. आर्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### हम रोजगार मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें

बैठक में राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग जरूरतमंदों की आजीविका चलाने वाला विभाग है। इसलिये विभागीय उत्पादन गतिविधियों में और तेजी लाएं। हम रोजगार मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने सिंहस्थ-2028 में विभागीय उत्पादों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विक्रय के लिये अधिकारियों को अभी से कार्ययोजना बनाकर तैयारी प्रारंभ करने के निर्देश दिये। यह भी कहा कि श्री महाकाल लोक परिसर में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग का स्थायी स्टाल (आउटलेट) किया जाए। प्रमुख शहरों में मृगनयनी एम्पोरियम की शाखाएं खोलने के संबंध में बताया गया कि इसके लिये दूसरे प्रदेशों से समन्वय कर मृगनयनी की ब्रांच स्थापित करने के लिये ठोस चर्चा की जा रही है। बताया गया कि हर जिले में वन भारत साड़ी वॉकथान आयोजित किया गया था। इसमें प्रदेश की करीब एक लाख से अधिक महिलाओं ने भागीदारी की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विगत 17 सितम्बर 2023 को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारंभ की गई। योजना में अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों एवं शिल्पकारों को हर प्रकार की सहायता दी जाएगी। योजना में 18 प्रकार के परंपरागत व्यवसायों जैसे बढ़ई, नाव निर्माता,गुड़िया और खिलौने निर्माता (पारम्परिक), नाई, माला निर्माता, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने के जाल बनाने वाले कारीगरों को शामिल किया गया है।

# हम मध्यप्रदेश को वैभवशाली बनाने में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ हैं - आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर

## आध्यात्मिक गुरू से मध्यप्रदेश में यूनिवर्सिटी खोलने का किया अनुरोध

## मुख्यमंत्री बेंगलुरू में आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर के सत्संग में हुए शामिल

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बेंगलुरु में आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के साथ आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर के सत्संग में शामिल हुए। गुरू श्री श्री रविशंकर ने सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं से देश के हृदय प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. यादव का परिचय कराया। डॉ. यादव ने गुरुजी के मुखारविन्द से हुए सत्संग का लाभ लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भ्रमण के दौरान गुरु श्रीश्री रविशंकर के साथ अन्नकूट क्षेत्र का अवलोकन भी किया। आध्यात्मिक गुरू श्रीश्री रविशंकर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश के उज्जैयिनी नगरी से संबंध रखते हैं, जो कि 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर और महान न्यायप्रिय सम्राट विक्रमादित्य की अवंतिका नगरी के रूप में विख्यात है। उज्जैन नगर काल की गणना के रूप में विख्यात रहा है। उज्जैन नगरी की भव्यता आज देखते ही बनती है। पूरे क्षेत्र का वातावरण धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल से परिपूर्ण है। आध्यात्मिक गुरू श्रीश्री रविशंकर ने कहा कि देश का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश है। यदि हमारा हृदय स्वस्थ रहेगा तो पूरा शरीर स्वस्थ रहेगा। मध्यप्रदेश की आर्थिक समृद्धि के लिये आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर हमेशा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सत्संग में आए




श्रद्धालुओं से कहा कि गुरुदेव हम सभी को जीवन जीने की कला सिखाते हैं। हमें हर कष्ट में मुस्कुराने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा गुरुजी से मिलती है। गुरुजी के बताए मार्ग पर चलकर मनुष्य सच्चे अर्थों में जीना सीख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे आज के समय के एक अद्भुत जीवन दृष्टा और आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के आश्रम में आये हैं। भक्तों के साथ मिलने का मौका मिला। यहाँ जो अनुभव किया, वह जीवन भर स्मृतियों में रहेगा। गुरूजी आध्यात्मिक चेतना की मशाल हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि परमात्मा करें गुरूजी सदैव इसे प्रज्ज्वलित रखें। उन्होंने गुरूजी से मध्यप्रदेश में आकर विश्वविद्यालय खोलने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार उनके साथ रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेंगलुरू में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये कर्नाटक की जनता और शासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक (बेंगलुरू) की उनकी यात्रा अदभुत रही।

# आरक्षण पर सुप्रीम फैसला: कोटे में कोटा, कितना न्यायसंगत, कितना उलझनकारी !

**अगस्त 2024, भावना मंगलमुखी, मुंबई**

चूंकि मेरा जन्म अन्य पिछड़े वर्ग की एक तथाकथित क्षत्रिय सीरवी (चौधरी) समाज में हुआ था और संविधान में भी ओबीसी के लिए अनुच्छेद 340 के तहत विशेष प्रावधान के बावजूद तथाकथित सवर्ण और राजनैतिक हिंदुत्व के ठेकेदारों द्वारा हमारे समुदाय के बीच भी एक ऐसी धारणा विकसित कर दी गई थी कि आरक्षण का लाभ तो सिर्फ़ एससी - एसटी को ही मिलता है और उससे अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रतिभाओं और बहुत बड़ी आबादी को काफ़ी नुकसान झेलना पड़ता है इसलिए बचपन में मैं भी सदैव समस्त संकीर्णताओं से ऊपर उठकर सिर्फ़ प्रतिभा व ज्ञान को वरीयता देने की पक्षधर थी लेकिन जैसे ही मैं किन्नर समुदाय में आई और मेरे ही समाज के लोगों द्वारा ही मेरे साथ भी भेदभाव किया जाने लगा तब मुझे एससी - एसटी के जातिगत भेदभाव का भी एहसास हुआ और जानकारी जुटाने पर यह भी पाया कि संविधान ओबीसी वर्ग को भी अनुच्छेद 340 के तहत विशेष संरक्षण का प्रावधान करता है लेकिन ओबीसी वर्ग सदैव इस जानकारी के अभाव और गफलत में अपने आपको सवर्णों के समकक्ष और आरक्षण का विरोधी मान लेते हैं। साथ ही भारत जैसे भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक विविधताओं भरे विशाल और रूढ़िवादी राष्ट्र में जहां सदियों तक वर्णवाद, जातिवाद, अस्पृश्यता, भेदभाव आदि जैसी अनेकानेक कुरीतियों ने अपना संक्रमण फैला रखा हो और यहां का रूढ़िवादी समाज भी ऐसे कोढ़ को ही अपना जातीय स्वाभिमान समझता हो, ऐसे में बुद्धिजीवियों का फर्ज बन जाता है कि वे सदियों से अलग - थलग, उपेक्षित, शोषित और वंचित वर्गों को राष्ट्र व समाज की मुख्यधारा और समानता के पथ पर लाने हेतु उनके शिक्षा, रोजगार व नौकरी जैसे बुनियादी अधिकारों के लिए उनके आरक्षण (लेवल प्लेइंग माध्यम) का कम से कम तब तक तो समर्थन करे जब तक उनके साथ किसी भी आधार पर भेदभाव पूर्णतया समाप्त न हो जाए यानि जब तक रोटी के साथ - साथ बेटी के रिश्ते को भी सहज सामाजिक स्वीकृति न मिल जाए।

संविधान के अनुसार अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए शैक्षणिक संस्थान, सरकारी नौकरी तथा राज्यों की विधानसभाओं और देश की संसद के प्रतिनिधित्व में क्रमश- 15 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है लेकिन आजादी से पूर्व सदियों से चले आ रहे शैक्षणिक एकाधिकार की वजह से भारत की विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के शीर्षस्थ पदों पर आसीन तथाकथित मनुवादी और सामंतवादी नीति निर्धारक ओबीसी वर्ग को तो आजादी के पश्चात भी दीर्घकाल तक आरक्षण से वंचित रखने हेतु 1955 में गठित काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को भी निरंतर ठंडे बस्ते में डालते रहे। पहली बार 1990 में भूतपूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह मंडल कमीशन की सिफारिशों के आधार पर ओबीसी वर्ग की अनुमानित जनसंख्या (क्योंकि आजाद भारत में ओबीसी वर्ग की जाति जनगणना हुई ही नहीं।) लगभग 52 से 60 प्रतिशत के लिए भी मात्र 27 प्रतिशत तक आरक्षण का प्रावधान कर पाने में सफल हुए लेकिन ओबीसी वर्ग की ही गफलत और उदासीनता ने उसे ठीक से लागू करवाने पर भी कोई ध्यान ही नहीं दिया और न ही उन्होंने उच्च शिक्षा और नौकरी पाने हेतु भरसक प्रयास किया। परिणामस्वरूप ओबीसी के कुछ ही समुदाय आरक्षण का लाभ ले पाए और जिन्हें इसका लाभ नहीं मिला वे लोग ही मनुवादियों की बातों में आकर आरक्षण का विरोध करने लगे।



आरक्षण में कोटा या उप वर्गीकरण का पहला प्रयोग 1975 में पंजाब में सामने आया था जब वहां की तत्कालीन सरकार द्वारा वाल्मीकि समाज और सिख दलितों को एससी की उप वर्गीकृत आरक्षण श्रेणी में रखा गया था और उसके बाद एक प्रयोग तत्कालीन संयुक्त आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा भी किया गया था। हालांकि दोनों ही सरकारों के इन फैसलों को कुछ समय पश्चात अदालत में भी चुनौती दी गई थी और उसी पंजाब सरकार बनाम देविंदरसिंह और आंध्र प्रदेश सरकार बनाम ई. वी. चिलैया मामले की सुनवाई करते हुए सन् 2004 में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्यों की सरकारों के इन फैसलों को गलत बताकर इन पर रोक लगा दी थी। हालांकि 2005 के बाद बिहार में नीतीश कुमार द्वारा पिछड़ा व अति पिछड़ा और दलित व महादलित का फार्मूला भी इसी तरीके का प्रयोग था लेकिन 01 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने ही बीस साल पुराने फैसले को पलटने से यह मामला अचानक फिर से सुर्खियों में आ गया।

हालांकि अधिकांश लोग मेरी सोच, विचार और लेखनी को बहुतायत के आधार पर सिर्फ़ वंचित बहुजन समुदाय की विचारधारा से जोड़कर देखते हैं लेकिन मैं कभी भी किसी भी विचारधारा में शत प्रतिशत हां में हां मिलाने के बजाय सदैव किसी भी मुद्दे पर अपनी एक अलग मौलिक राय के साथ सिक्के के दोनों पहलुओं यथा सकारात्मक और नकारात्मक विभिन्न पहलुओं पर अपना पक्ष रखना पसंद करती हूं। इसलिए मैं सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण में कोटे में कोटा वाले इस फैसले के भी सिक्के के दोनों पहलुओं को भी अलग - अलग दृष्टिकोण से देखती हूं, जो इस प्रकार है --


**सकारात्मक पहलू** - इस फैसले के पक्ष में एकमात्र और सबसे बड़ी सकारात्मक दलील यही दी जाती रही है कि आरक्षित वर्ग में भी कुछ विशेष जाति के लोगों जैसे राजनीतिक रूप से सशक्त दलितों में उत्तर प्रदेश में बहुसंख्यक जाटव, राजस्थान में मेघवाल और पिछड़ों में हरियाणा - राजस्थान में बहुसंख्यक जाट यूपी - बिहार में यादव जातियों का ही दबदबा रहा है इसलिए गैर जाटव दलित और गैर यादव ओबीसी को आरक्षण का समुचित लाभ नहीं मिल पाता है। इसी प्रकार एसटी समुदाय में राजस्थान में भील/ गरासिया/ कालबेलिया की तुलना में सिर्फ़ मीणा जाति तो झारखंड, उड़ीसा व बंगाल में संथाल जाति का ही वर्चस्व है। एक ही वर्ग के अन्य सभी जातियों को समान अवसर प्रदान करने हेतु आभासी तौर पर कोटा में कोटा ही एकमात्र तर्कसंगत व न्यायसंगत विकल्प प्रतीत होता है। कुछ वर्तमान सत्ता के आलोचक विश्लेषक भी यह मान रहे हैं कि इस फैसले से जातीय राजनीति में एक नया उफान आएगा और इससे छद्म राजनीतिक हिंदुत्व का छाता भी बिखर सकता है जिससे बीजेपी के लिए भी धर्म के नाम पर सबको एक साथ साध पाना और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति करना भी टेढ़ी खीर साबित हो सकती है। साथ ही इन नई परिस्थितियों और संघर्षों के परिणामस्वरूप वर्तमान में स्थापित नेताओं के विकल्प के रूप में कुछ नए नेताओं के भी उभरने की संभावना बन सकती है।

**नकारात्मक पहलू**- उक्त फैसले का सबसे बड़ा नकारात्मक पहलू यह है कि चूंकि अभी तक जातिगत जनगणना हुई ही नहीं है इसलिए अपनी - अपनी अनुमानित जनसंख्या के दावे के अनुसार एक ही वर्ग की समस्त जातियों में अपने - अपने कोटे को बढ़ाने के लिए आपसी संघर्ष व टकराव की तनावपूर्ण स्थिति भी बन सकती है और यह अस्पष्टता व किंकर्तव्यविमूढता मणिपुर और बांग्लादेश की तरह किसी बड़े जातीय/वर्ग संघर्ष में भी तब्दील हो सकती है, जो देश की आंतरिक शांति, एकता और अखंडता के लिए भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। दूसरा यह प्रावधान व्यवहारिक रूप से जटिल होने के साथ - साथ किसी विशेष आरक्षित श्रेणी की मेरिट को न्यूनतम स्तर पर ला सकती है और चयन आयोग में बैठे मनुवादी व आरक्षण विरोधी लोग उन्हें ह्स्नस् यानि ह्श्वह्ल स्नश्वह्- स्ह्वद्बह्लड्डद्बद्ग भी घोषित कर सकते है। तीसरा आज संपूर्ण एससी - एसटी वर्ग की लड़ाई वही सक्षम समुदाय लड़ रहा है इसलिए उस पर क्रीमीलेयर लागू करके उसे कमजोर कर दिया जाता है तो एससी - एसटी का संघर्ष भी प्रभावित हो सकता है। चौथा वंचित वर्ग में फूट पड़ने से अप्रत्यक्ष रूप से मनुवादियों को राजनीतिक लाभ भी हो सकता है। पांचवा बहुजन समाज में यह भय व आशंका है कि यह उनके आरक्षण को समाप्त करने के षड्यंत्र का पहला कदम हो सकता है। छठा आरएसएस जैसे शातिर संगठन द्वारा इस फैसले का समर्थन करना भी बहुजनों के प्रति षड्यंत्र के संदेह और संभावना को और अधिक प्रबल करता है।

अंत में सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय को लेकर दो सवाल मेरे मस्तिष्क में भी निरंतर उठ रहे है, पहला एक बार सुप्रीम कोर्ट में भी कोलेजियम प्रणाली को समाप्त कर वहां भी आरक्षण को ईमानदारीपूर्वक शत प्रतिशत लागू तो करो फिर क्रीमीलेयर की बात कर लेना। दूसरा यह कि क्रीम है कहां जो लेयर बनाओगे, बिना जाति जनगणना के आंकड़े कहां से लाओगे ? खैर इस फैसले ने एक शांत जंगल में चिंगारी डालकर दावानल को न्यौता दे दिया है, हो सकता है इसकी लपटों में वर्तमान सत्ता ही झुलस जाए और डंकापति की लंका लग जाए तथा हमारा विषगुरु भी बांग्लादेश की शेख हसीना की भांति झोला उठाकर भागने को मजबूर हो जाए या फिर जातिगत जनगणना का ही रास्ता साफ़ हो जाए और फिर जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी का द्वार खुल जाए।

## जन अधिकार मोर्चा ने आज जगदलपुर विधायक श्री किरण देव जी को महतारी वंदन योजना के लिए पुनः आवेदन शुरू करने हेतु सौंपा ज्ञापन।






आज जन अधिकार मोर्चा ने जगदलपुर विधायक श्री किरण देव जी को महतारी वंदन योजना के लिए पुन- आवेदन शुरू करने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश सरकार के द्वारा शुरू की महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अभी भी बहुत सारी महिलाओं के नाम नही जुड़ पाए हैं। नाम न जुड़ने के कारण उनको इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पुन- आवेदन शुरू किए जाएं ताकि पात्र सभी महिलाएं इसका लाभ ले सकें। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रभारी कर्मवीर सिंह जादौन,जिला उपाध्यक्ष श्याम स्वर्णकार,प्रदेश सचिव किरण देवांगन, प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र गौतम, बस्तर संभाग अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## बिजली कार्मिक विद्युत उपभोक्ताओं के फोन कॉल अटैण्ड करना सुनिश्चित करें



भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बिजली अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि बिजली उपभोक्तों से प्राप्त होने वाली बिजली संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रबंध संचालक ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि बिजली कार्मिक अपने फोन को 24ङ्ग7 चालू रखें तथा विद्युत उपभोक्ताओं के फोन कॉल को अटेण्ड करना सुनिश्चित करें। गौरतलब है कि बिजली कंपनी के मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के शिकायती फोन कॉल नहीं उठाए जाने को गंभीरता से लिया है। उन्होंने विद्युत शिकायतों के तत्काल निराकरण एवं फोन कॉल अटेण्ड करने को लेकर विभागीय निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों की अवहेलना करने वालों कार्मिकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी विद्युत संबंधी किसी भी समस्या के लिए कंपनी के केन्द्रीयकृत कॉल सेन्टर 1912, उपाय एप, व्हाटसएप चेटबोट, कंपनी की वेबसाइट श्चश्वह्ल-ह्लड्डद्य.द्दश्चष्5.द्बठ्ठ अथवा सोशल मीडिया के माध्यम भी दर्ज कराकर निराकरण करा सकते हैं। साथ ही अपने निकटतम विद्युत वितरण केन्द्र/जोन कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

## नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने मृतकों के परिजनों को सांत्वना देकर बँधाया ढ़ाँढ़स

### गोरमी की घटना की जाँच के दिए निर्देश

भोपाल। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने भिण्ड जिले की नगर परिषद गोरमी में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में मृतक अभिषेक एवं कलावती के परिजनों से भेंट की। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देकर ढाँढस बँधाया और हरसंभव मदद के लिये आश्वस्त किया। उन्होंने अधिकारियों को दुर्घटनाओं की समुचित जाँच के निर्देश दिये। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि जाँच के बाद भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिये आवश्यक बंदोबस्त किये जायें। नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने संवेदनाएँ व्यक्त कर कहा कि दुःख की इस घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। नगर परिषद गोरमी के वार्ड क्रमांक 03 में दिनांक 07 अगस्त 2024 को गोंडा





की दीवाल गिरने से अभिषेक सिंह पुत्र सरदार सिंह जाति जाटव उम्र लगभग 18 वर्ष एवं नगर परिषद गोरमी के वार्ड क्रमांक 07 में दिनांक 08 अगस्त 2024 को मकान का छज्जा एवं शौचालय गिरने से कलावती पत्नी रामवीर यादव उम्र लगभग 55 वर्ष की मृत्यु की सूचना पर मंत्री श्री शुक्ला परिजनों से मिलकर संवेदनाएँ व्यक्त करने पहुँचे थे।

### घटना स्थल का मौका-मुआयना किया

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने दुर्घटनाग्रस्त स्थलों का मौका-मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। मंत्री श्री शुक्ला और उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये दो मिनिट को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एमपी में 33 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की तैयारी, सीएम बेंगलुरू में उद्योगपतियों को निवेश के लिए करेंगे प्रेरित

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बेंगलुरू में उद्योगपतियों के साथ एक इंटरेक्टिव सेशन में भाग लेंगे, जहां वे मध्य प्रदेश में खनिज संपदा की संभावनाओं की जानकारी देंगे और उद्योगपतियों को निवेश के लिए प्रेरित करेंगे।**




भोपाल. प्रतिनिधि | मध्य प्रदेश में खनिज संपदा के 33 ब्लॉकों की नीलामी की तैयारी की जा रही है। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दो दिवसीय प्रवास पर बेंगलुरू जाने वाले है। जहां वे 8 अगस्त को इंटरेक्टिव सेशन में प्रदेश में उपलब्ध खनिज संपदा पर उद्योगपतियों का ध्यान आकर्षित कर निवेश के लिये प्रोत्साहित करेंगे। गौर तलब है कि मिनरल ऑक्शन के लिये मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर पहला पुरस्कार भी मिल चुका है। मध्य प्रदेश में खनिज संपदा की भरपूर संभावनाएं हैं, जिनमें एल्युमिनियम, लेटराइट, बॉक्साइट, मेटल, डायमंड, गोल्ड, लाइमस्टोन और मैंगनीज जैसे महत्वपूर्ण खनिज शामिल हैं। राज्य में खनिज संपदा की नीलामी के लिए 33 ब्लॉकों की पहचान की गई है, जिनमें 17 कोल ब्लॉक और 20 प्रमुख खनिजों के ब्लॉक शामिल हैं। पिछले साल एक साथ 51 ब्लॉक का आक्शन हुआ था, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बेंगलुरू में उद्योगपतियों के साथ एक इंटरेक्टिव सेशन में भाग लेंगे, जहां वे मध्य प्रदेश में खनिज संपदा की संभावनाओं की जानकारी देंगे और उद्योगपतियों को निवेश के लिए प्रेरित करेंगे।

मध्य प्रदेश में खनिज संपदा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थान है, जहां देश के कुल खनिज भंडार का एक बड़ा हिस्सा है। राज्य में कोयला, लाइमस्टोन, डायमंड और पायरोफ्लाइट जैसे महत्वपूर्ण खनिज पाए जाते हैं, जो देश के विभिन्न हिस्सों में उपयोग किए जाते हैं। इस संबंध में मध्य प्रदेश सरकार ने खनिज संपदा के विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें खनिज नीलामी की प्रक्रिया को सरल बनाना और उद्योगपतियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाना शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बेंगलुरू दौरा मध्य प्रदेश में खनिज संपदा के विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो राज्य के आर्थिक विकास में योगदान करेगा। मध्यप्रदेश में पाए जाने वाले प्रमुख खनिज संसाधनों में कोयला, लाइमस्टोन, डायमंड और पायरोफ्लाइट है। मध्यप्रदेश देश का चौथा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है। यहां सिंगरौली, सीधी, छिंदवाड़ा, बैतूल, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और नरसिंहपुर भरपूर कोयला भंडार है। कोयले का उपयोग थर्मल पावर प्लांट्स और कोल गैसीफिकेशन प्लांट्स में होता है। इनसे संबंधित उद्योगों के लिए निवेश की भरपूर संभावनाएं हैं।

इसी प्रकार चूना पत्थर का भी प्रदेश में भरपूर भंडार है। यहां रीवा, सतना, सीधी, मैहर, दमोह, कटनी पन्ना, धार और नीमच में भरपूर भंडार है। देश के कुल लाइमस्टोन भंडार का 9% मध्यप्रदेश में है। इस दृष्टि से सीमेंट उद्योग के लिए मध्यप्रदेश एक आदर्श निवेश स्थान है। यहां जो लॉजिस्टिक क्षेत्र में सुधार हुआ है इस दृष्टि से भी मध्यप्रदेश से देश के सभी राज्यों का संपर्क बेहतर हो गया है। देश में उपलब्ध डायमंड भंडार का 90% मध्यप्रदेश में पाया जाता है। यह अकेले पन्ना और छतरपुर में है। इस दृष्टि से यहां डायमंड बिजनेस पार्क और और कंपोजिट लाइसेंस के लिए 5 ब्लॉक की पहचान की गई है। मध्यप्रदेश पायरोफ्लाइट के उत्पादन में भी अग्रणी राज्य है। यहां देश के उत्पादन का 41% उत्पादन हो रहा है। देश में सर्वाधिक भंडार 14 मिलियन टन मध्यप्रदेश में है, जो छतरपुर, शिवपुरी और टीकमगढ़ में है। इसके भंडारण को देखते हुए देश में सेरेमिक, पॉटरी, पोर्सलिन और टाइल्स उद्योगों के लिए सबसे लाभकारी निवेश स्थान है।

# मध्य प्रदेश में बनेंगे आदर्श विधानसभा क्षेत्र, सरकार ने विधायकों से मांगा विजन पेपर

**चार साल में मध्य प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में व्यय किए जाएंगे 100-100 करोड़ रुपये। इसमें अधोसंरचना विकास से लेकर रोजगार, गोवंश के संरक्षण के होंगे काम। साक्षरता की दर बढ़ाने, शिशु एवं मातृ स्वास्थ्य में सुधार, कुपोषण में कमी लाने, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भी कार्ययोजना बनाई जाएगी।**



भोपाल, संवाददाता । मध्य प्रदेश के विधानसभा क्षेत्रों को सरकार आगामी चार वर्ष में आदर्श बनाएगी। स्कूल, बिजली, पानी, सड़क, नाली, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र समेत सभी सुविधाएं होंगी। केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं से पात्रों को लाभांवित किया जाएगा।

रोजगार के लिए मेलों का आयोजन होगा तो खेलकूद की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के साथ गोवंश के संरक्षण और पर्यटन की गतिविधियों के विकास पर ध्यान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने विधायकों से विधानसभा क्षेत्र के विकास संबंधी दृष्टि पत्र मांगा है। इसे तैयार करने के लिए प्रारूप भी भेजा गया है। योजना में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

विधायकों से विकास संबंधित प्रस्ताव मांगे थे - विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने विधायकों से 15-15 करोड़ रुपये के क्षेत्र में विकास से संबंधित प्रस्ताव मांगे थे। अधिकतर सदस्यों ने सड़क, पुल-पुलिया, सामुदायिक भवन आदि के प्रस्ताव दिए थे, जिन्हें विभिन्न योजनाओं में सम्मिलित कर काम स्वीकृत कराए गए।

अब सरकार ने तय किया है कि विधानसभा क्षेत्रों को आदर्श बनाया जाएगा। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दी जाने वाली राशि के साथ विधायक, सांसद निधि और कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी का उपयोग किया जाएगा।

दृष्टि पत्र का प्रारूप भेजा - जो राशि और लगानी होगी, वह सरकार अपने वित्तीय संसाधनों से लगाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सभी विधायकों को दृष्टि पत्र का प्रारूप भेजा है।

# जनसंपर्क अधिकारी पूजा थापक सुसाइड केस में उनका नायब तहसीलदार पति गिरफ्तार, दोस्त के घर फरारी काट रहा था

भोपाल, संवाददाता| जनसंपर्क अधिकारी पूजा थापक आत्महत्या मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पूजा के पति को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जानकारी मिली थी कि निखिल दुबे दिल्ली में अपने दोस्त के घर पर छिपा हुआ है। पुलिस की एक टीम दिल्ली पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक पूजा थापक को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोपित उनके नायब तहसीलदार पति निखिल दुबे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित दिल्ली में अपने दोस्त के घर पर फरारी काट रहा था। अब इस मामले में मृतका की सास की तलाश की जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपित की गुपचुप तरीके से यह गिरफ्तारी की गई है।

हम बता दें कि 9 जुलाई को 33 वर्षीय पूजा थापक ने अपने साकेत नगर ससुराल में पति से विवाद के बाद फांसी लगाकर जान दे दी थी। बाद में पुलिस ने उनके स्वजनों के बयान और सोशल मीडिया के वाट्सएप पर बातचीत की चेटिंग को साक्ष्य के रूप में आधार मानकर उनके पति निखिल दुबे और उनकी सास आशा दुबे पर दहेज के लिए आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में एफआइआर दर्ज की थी।

# हिरदाराम नगर में अतिक्रमण मुक्त नहीं हो सकी सड़कें, शाम के बाद चलना हो जाता है मुश्किल

**जोन समिति और जनसंवाद में लिए निर्णय के बाद भी हिरदाराम नगर में अतिक्रमण की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है। जोन समिति की हाल ही में हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई थी। निगम ने बैठक के कुछ समय बाद कुछ हिस्से से अतिक्रमण हटाए। उसी दिन शाम को फिर से अतिक्रमण हो गया।**



भोपाल प्रतिनिधि | नगर निगम जोन समिति और पुलिस द्वारा आयोजित जनसंवाद में लिए गए निर्णय के बाद भी बैरागढ़ के विभिन्न मार्गो को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जा सका है। प्रमुख मार्गो पर अतिक्रमण के कारण नागरिकों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रमुख मार्गो से शाम पांच बजे के बाद वाहन निकलना मुश्किल हो जाता है क्योंकि सड़क पर फुटकर व्यवसायियों का कब्जा है।

पंजाब नेशनल बैंक रोड से राजावीर मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग की हालत सबसे अधिक खराब है। इस मार्ग पर दो दर्जन से अधिक सब्जी व्यवसायियों का कब्जा है। शाम के समय यह व्यवसायी ठेले सड़क पर खड़े कर देते हैं जिससे आवाजाही प्रभावित होती है।

झूलेलाल मंदिर एवं राजावीर विक्रमादित्य मंदिर की ओर जाने वाले लोगों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। यही हालत सराफा बाजार के शुरूआती छोर एवं चंचल रोड के कुछ हिस्से की है।

जनसंवाद के बाद पुलिस भी मूकदर्शक - नगर की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए पुलिस द्वारा आयोजित जनसंवाद में कपड़ा, बर्तन, किराना एवं सराफा व्यापारियों ने दुकानों के सामने अव्यवस्थित रूप से वाहन खड़े होने से हो रही परेशानी का मामला उठाया था।

जनसंवाद में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि अब किसी को भी सर्वाधिक आवाजाही वाले मार्ग पर ठेले खड़े नहीं होने दिए जाएंगे।

पुलिस ने जनसंवाद के दूसरे दिन कुछ स्थानों से वाहन एवं ठेले हटाए। दूसरे दिन फिर से कब्जा हो गया। ट्रेफिक पुलिस भी मूकदर्शक बनी है। पुलिस मेन रोड से क्रेन की मदद से वाहन तो जब्त कर लेती है लेकिन अतिक्रमण नजर नहीं आते।

पार्षद अशोक मारण का कहना है कि पुलिस एवं नगर निगम को संयुक्त अभियान चलाना चाहिए। कपड़ा संघ ने फुटकर व्यवसाइयों को एक जगह बसाकर समस्या का स्थाई हल निकालने का सुझाव नगर निगम प्रशासन को दिया है।

# मध्य प्रदेश में बिना डॉक्टर के हैं 600 से ज्यादा आयुर्वेद डिस्पेंसरी, मरीज हो रहे परेशान

**मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग ने 698 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों चयन किया था, लेकिन यह हाईकोर्ट में केस लंबित होने की वजह से इनकी नियुक्ति नहीं हो पाई है। प्रदेश में 1800 औषधालयों में से 600 से ज्यादा बिना डॉक्टरों के हैं। बीच में जो डॉक्टरों की भर्ती हुई, उन्हें आयुर्वेद कॉलेजों में पढ़ाने के लिए भेज दिया गया। ऐसे में मरीज परेशान हो रहे हैं।**



भोपाल | मध्य प्रदेश सरकार एलोपैथी डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए नए मेडिकल कालेज खोल रही है, पर आयुर्वेद अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी पूरी नहीं कर पा रही है। हालत यह है कि प्रदेश में आयुर्वेद के 1800 औषधालयों में से छह सौ से अधिक बिना डॉक्टरों के हैं।

इन पदों को भरने के लिए पिछले वर्ष मप्र लोक सेवा आयोग से 698 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों का चयन किया गया है, पर मामला हाई कोर्ट में लंबित होने के कारण नियुक्ति नहीं हो पाई है। डॉक्टरों की कमी के चलते रोगियों को उपचार नहीं मिल पा रहा है। इन औषधालयों में फार्मासिस्ट व अन्य पैरामेडिकल स्टाफ भी पदस्थ हैं पर डॉक्टर के नहीं होने से वह बिना काम के हैं।

एक बार ही हुई थी चिकित्सा अधिकारियों के पदों पर भर्ती - प्रतिवर्ष लगभग 10 करोड़ रुपये बिना काम के ही वेतन-भत्ते में खर्च हो रहे हैं। इन अस्पतालों में रिक्तियों की संख्या लगभग 10 वर्ष में बढ़ते हुए 600 तक पहुंची है। इस बीच मात्र एक बार ही आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के पदों पर भर्ती हुई थी।

125 डॉक्टर मिले थे, पर इन्हें औषधालयों में पदस्थ करने की जगह आयुर्वेद कॉलेजों में व्याख्याताओं के पदों पर पदस्थ कर दिया गया। बाद में भी इन्हें औषधालयों में भेजने की जगह टीचर कोड आवंटित कर कालेजों में ही रखा गया है, जबकि व्याख्याताओं की भर्ती प्रक्रिया अलग और चिकित्सा अधिकारियों की अलग है।

जल्दी पदों को भरना चाहिए - औषधालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरना चाहिए, जिससे रोगियों को उपचार मिल सके। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को लेक्चरर पद के विरुद्ध रखना बिल्कुल गलत है। • डॉ. राकेश पाण्डेय, आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)